# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन - 0612-2231563, फैक्स नं० : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in


पत्रांक-नि० प्रा०/नि० 1-23/2014 780 /पटना, दिनांक 15/12/2016

प्रेषक,

फूल सिंह,
मुख्य चुनाव पदाधिकारी।

सेवा में,

सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी,
बिहार।

विषय : **प्रखण्ड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति का निर्वाचन, 2017 के लिए सांख्यिकी अनुपूरक के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्राधिकार के पत्रांक 560 दिनांक 24.08.2016 द्वारा सदस्यता/ मतदाता सूची पर विवाद के समाधान के लिए निम्नलिखित बिन्दूओं पर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया था:

(क) पूर्व से जो सदस्यता/मतदाता सूची बनी हुई है और जिस पर मतदान हो चुका है, उस सूची को आधार सूची माना जाय।

(ख) आधार सूची में नये बनाये गये सदस्यों का नाम जोड़ा जा सकता है या पुराने सदस्यों को हटाया जा सकता है किन्तु इसका सदस्यवार कारण स्पष्ट करना अपेक्षित है और इस प्रकार का निर्णय प्रबंधकारिणी समिति/बोर्ड की बैठक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के प्रतिनिधि की उपस्थिति में पारित कराना आवश्यक होगा।

आशा की जाती है कि उक्त दिशा में आपके द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा चुकी होगी। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार शीघ्र ही प्रखण्ड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों का निर्वाचन कराने जा रहा है। निर्वाचन के पूर्व मत्स्यजीवी सहयोग समितियों से संबंधित अद्यतन आँकड़े से प्राधिकार को अवगत होना आवश्यक है।

अत: अनुरोध है कि संलग्न प्रपत्र में सांख्यिकी अनुपूरक दिनांक 26.12.2016 से 29.12.2016 तक प्राधिकार में आहूत बैठक में कृपया साथ लाया जाय।

विश्वासभाजन
15.12.16

(फूल सिंह)
मुख्य चुनाव पदाधिकारी

**प्रपत्र**

**STATISTICAL SUPPLEMENT ON BLOCK LEVEL FISHERIES COOPERATIVE SOCIETIES**

| SL. NO. | DIVISION | DISTRICT | BLOCK | APPROX NO. OF MEMBERS | NO. OF POLLING BOOTH |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |